हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 10 अक्तूबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रतन टाटा की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि रतन टाटा के जाने से भारत ने, कॉरपोरेट विकास को राष्ट्र निर्माण और उत्कृष्टता को नैतिकता के साथ जोड़ने वाली, एक महान हस्ती को खो दिया है। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि रतन टाटा ने अपनी महान विरासत को आगे बढ़ाया और इसे विश्वभर में अधिक प्रभावशाली बनाया। उन्होंने कहा कि रतनटाटा ने व्यवसायियों और युवा विद्यार्थियों को समान रूप से प्रेरित किया। उपराष्ट्रपति ने अपने शोक संदेश में कहा कि रतन टाटा के देहांत से उन्हें गहरा दुख पहुंचा है। श्री धनखड ने कहा कि रतन टाटा भारतीय उद्योग की महान हस्ती थे, जिन्होंने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अविस्मरणीय योगदान दिया। उन्होंने कहा कि टाटा का योगदान भारत और उसके बाहर उद्यमियों को हमेशा प्रेरित करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि रतन टाटा के निधन से उन्हें गहरा दुख पहुंचा है। रतन टाटा के साथ अपनी बातचीत को याद करते हुए श्री मोदी ने कहा कि उनका दृष्टिकोण बहुत व्यापक था। प्रधानमंत्री ने कहा कि रतन टाटा को कुछ बडा करने और समाज को लौटाने में गहरी रूचि थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि रतन टाटा ने शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छता और मवेशी कल्याण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाई।

*****************************************************************

हरियाणा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह ने भी देश के प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर संवेदनाएं व्यक्त की हैं।श्री नायब सिंह ने कहा कि उनके देहांत का समाचार दुखद एवं पीड़ादायक है। वे स्वयं उनके जाने से व्यथित हैं। उन्होंने कहा कि रतन टाटा ने विदेश में भी भारत को उद्योग जगत में एक ख़ास

पहचान दिलाई। भारत को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने और स्वास्थ्य एवं जनसेवा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान के लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा। कार्यवाहक मुख्यमंत्री ने ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए भी प्रार्थना की है।

*******************************************************************

हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा है कि राज्य सरकार के गठन का फ़ैसला दशहरे के बाद लिया जायेगा।कल नई दिल्ली में मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए श्री बड़ौली ने कहा कि उनकी और कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह की, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ मुलाकात हुई है, लेकिन नई सरकार के शपथ ग्रहण के बारे कोई चर्चा नहीं हुई। उन्होंने कहा कि अभी शपथ ग्रहण के लिए कोई तारीख तय नहीं हुई है, जैसे ही तिथि तय होगी मीडिया को सूचित किया जायेगा।श्री बड़ौली ने कहा कि हरियाणा के लोगों ने तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी को डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए चुना है। नई सरकार उनकी आकांक्षाओं पर खरी उतरेगी।

*******************************************************************

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल, ने आज चंडीगढ़ स्थित हरियाणा राजभवन में राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को हरियाणा की नई विधानसभा के विधिवत गठन के लिए विधायकों की सूची सौंपी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल के साथ अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्रीमती हेमा शर्मा और श्री प्रशांत पवार, भारत चुनाव आयोग के प्रधान सचिव एस बी जोशी, सचिव केपी सिंह , अनुभाग अधिकारी महिंदर डोगरा और हरियाणा निर्वाचन कार्यालय के संपर्क अधिकारी राकेश कालरा मौजूद रहे। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव अतुल द्विवेदी भी उपस्थित रहे।

*******************************************************************

दुनिया भर में आज विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जा रहा है।यह दिन

मानसिक स्वास्थ्य संबंधित मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाने और दुनियाभर में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं को बढ़ावा देने के प्रयासों को सुदृढ़ करने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष मानसिक स्वास्थ्य दिवस  का विषय कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य रखा गया है । जिसका उद्देश्य कार्य स्थल पर मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना, इससे जुड़े खतरों का  निपटान और जरूरतमंदों को सहायता प्रदान करना , जैसे उपायों की दिशा  में एकीकृत कार्य के महत्व को रेखांकित करना है।

**************************************************************

हरियाणा के कई जिलों में डेंगू अपने पैर पसार रहा है । कैथल जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या  ब□क़र आठ हो गई है। रेलवे स्टेशन के नजदीक रेलवे कालोनी में एक और मामला मिला है।  नया मामला मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कालोनी का दौरा कर  बुखार से पीड़ित लोगों के खून के नमूने लिए हैं। सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा गया है। स्वास्थ्य विभाग के उप सिविल सर्जन डा. नीरज मंगला ने कहा कि डेंगू व चिकनगुनिया को लेकर विभाग सतर्क है। लोगों को घर घर जा कर  बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 9 हजार 830 घरों का सर्वे कर लार्वा मिलने पर 20 लोगों को नोटिस दिया गया है।

**************************************************************